कार्यालय उप निदेशक,सूचना, झांसी मण्डल,झांसी

पत्र संख्याः /उनिसू/प्रेस–निरीक्षा/20 – दिनांक :

समाचार पत्र का नाम दैनिक अमर उजाला ~~झाँसी (उ० प्र०)~~ दिनांक: 11/10/2014

हुई सफाई, शुक्रिया भाई

मेडिकल कॉलेज में कई बार चला साफ-सफाई का दौर

सीएम के जनपद से प्रस्थान तक रही हड़कंप की स्थिति

झांसी। मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जनपद दौरे के मद्देनजर मेडिकल कॉलेज में इमरजेंसी सहित वार्डों में कई बार साफ-सफाई का दौर चला।

सोमवार को जनपद दौरे पर आए मुख्यमंत्री के मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण करने के कयास लगाए जा रहे थे, इस कारण अधिकारियों के हाथ-पांव फूले हुए थे। मुख्यमंत्री के पिछले दौरे के दौरान गंदगी मिलने पर प्रिंसिपल पर गाज गिरने के मद्देनजर मेडिकल कॉलेज अधिकारियों का सबसे अधिक जोर साफ-सफाई पर रहा। इमरजेंसी सहित वार्डों में कहीं पर भी गंदगी मिलने पर उसकी फौरन सफाई की गई। इसको लेकर इमरजेंसी में मौजूद मरीजों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सुबह से अब तक तीन बार सफाई की जा चुकी है। कुछ बोले कि यही हालात आम दिनों में भी रहें तो बहुत अच्छा रहेगा। इसके अतिरिक्त जमीन पर लेटे मरीजों के परिजनों को स्टाफ कर्मियों ने रैन बसेरा में भेज दिया। वहीं, एक व्यक्ति के बिस्किट के रेपर फेंकने पर सिस्टर ने उसकी जमकर क्लास लगा दी। मुख्यमंत्री के जनपद से प्रस्थान करने तक मेडिकल कॉलेज में हड़कंप की स्थिति रही। (ब्यूरो)

जिलाधिकारी महोदय के अवलोकनार्थ

जिला सूचना अधिकारी
झाँसी

जिलाधिकारी
झाँसी।